मिलकर बोलो मंत्र यह प्यारा जय शिव ओंकारा

मिलकर बोलो मंत्र,
यह प्यारा प्यारा,
मिलकर बोलों मंत्र,
यह प्यारा प्यारा,
जय शिव ओंकारा,
जय शिव ओंकारा।bd।

जिसने शिव का ध्यान लगाके,
शिव को याद किया,
अपनी कृपा से शिव ने उसको,
दुख से मुक्त किया,
मिल गया उसको अंधियारे में,
सुख का उजियारा,
जय शिव ओंकारा,
जय शिव ओंकारा।bd।

तन मन जीवन कर दिया अर्पण,
जब ये मैंने तुझे,
मोह के बंधन क्या बांधेंगे,
अब तो नाथ मुझे,
मेरी भक्ति ऐसी है अटल,
जैसे ध्रुवतारा,
जय शिव ओंकारा,
जय शिव ओंकारा।bd।

मिलकर बोलो मंत्र,
यह प्यारा प्यारा,
मिलकर बोलों मंत्र,
यह प्यारा प्यारा,
जय शिव ओंकारा,
जय शिव ओंकारा।bd।

प्रेषक – सतीश गोथरवाल।
8959791036

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com